रेलवे उपमंत्री (श्री सें० वें० राम-स्वामी) : पुल की नींव के लिए कुएं बनाने के सम्बन्ध में काम हो रहा है और इस में अब तक ३ प्रतिशत प्रगति हुई है । गर्डरों के निर्माण, सप्लाई और लगाने का ठेका दिया जा चुका है । मिट्टी के काम और गाइड-बंध तथा पहुंच-मार्ग के किनारों पर पत्थर की भराई का ४० प्रतिशत काम हो गया है । यदि गर्डरों के लिये समय पर इस्पात मिल जाये, तो मार्च १९६४ तक काम के पूरा हो जाने की संभावना है ।

रेल गाड़ियों में डकैती और हत्या की घटनायें

३९८. श्री विभूति मिश्र : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेल गाड़ियों में आये दिन होने वाली डकैतियों एवं हत्याओं को रोकने के लिये क्या सरकार ने कोई योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो उस योजना की रूप-रेखा क्या है ; और

(ग) साल में औसतन कितनी डकैतियां और हत्यायें होती हैं ?

रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) और (ख) 'शान्ति और व्यवस्था' कायम रखने और रेल गाड़ियों में अपराध रोकने की जिम्मेदारी सम्बन्धित राज्य सरकारों की है ।

(ग) चलती गाड़ियों में साल में औसतन ६ से ले कर ८ यात्रियों की हत्या और १५१ लूट-मार की घटनायें होती हैं, जिन में एक या दो डकैतियां शामिल हैं ।

एयर इंडिया इंटरनेशनल के विज्ञापन

३९९. श्री विभूति मिश्र : क्या परिवहन तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इंडिया इंटरनेशनल ने बम्बई में विज्ञापन करने के लिये आम चुनावों के समय श्री मेनन और श्री कृपालानी की छोटी-छोटी मूर्तियों का उपयोग किया ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस कार्य को अनुचित नहीं समझती ; और

(ग) यदि हां, तो इस विषय में क्या कार्यवाही की गई ?

असैनिक उड्डयन उपमंत्री (श्री मुहीउद्दीन) : (क) एयर इंडिया इंटरनेशनल ने बतलाया है कि उन के पब्लिसिटी डिपार्टमेंट ने केम्प्स कोर्नर पर एक पाड़ खड़ी की थी जिस में दौड़ की शुरुआत की जगह पर दो शक्लें दिखलाई गईं थीं ; उन में से एक शक्ल श्री कृष्ण मेनन से और दूसरी श्री कृपालानी से मिलती जुलती थी । उन शक्लों के साथ यह मज़मून था कि "चूंकि दोनों अव्वल नहीं आ सकते इसलिये एक कम खर्च से तेज़ जा सकते हैं ।"

(ख) और (ग). जैसे ही उन के जनरल मैनेजर ने पाड़ को देखा, उन्हों ने उसे हटाने का हुक्म जारी कर दिया । कारपोरेशन के मैनेजमेंट ने भी हिदायतें जारी कर दी हैं कि आयन्दा इस तरह के पोस्टर नहीं लगाये जाने चाहियें ।

दिल्ली से रक्सौल तक राष्ट्रीय राजमार्ग

४००. श्री विभूति मिश्र : क्या परिवहन तथा संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली से रक्सौल तक जो राष्ट्रीय राजमार्ग बन रहा है उस में कितना काम बाकी है ; और

(ख) यह राजमार्ग कब तक बन कर तैयार हो जायेगा ?

परिवहन तथा संचार मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री राज बहादुर) : (क) दिल्ली